# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 29 मार्च, 2022

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

Total Short Notice Question- 11

----

### वस्त्रों का निर्माण

*135 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में खादी- ग्रामोद्योग बोर्ड से लेकर खादी मॉल व सामान्य बाजारों में पंजाब एवं हरियाणा के कंबल बेचे जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार की खादी की देश-विदेश में तारीफ हो रही थी परन्तु गर्म कंबलों के निर्माण में लगी खादी संस्थाओं ने अब इस से लगभग मुंह मोड़ लिया है, जबकि राज्य में प्रति वर्ष 10 हजार करोड़ रुपए के कंबल बिकते थे;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में एक भी कंबल का उत्पादन नहीं हो रहा है जबकि बोर्ड ने कुल 80 संस्थाओं को मान्यता दे रखी है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य में खादी ग्रामोद्योग का मुख्य उद्देश्य कंबल एवं अन्य सूती तथा ऊनी वस्त्रों का निर्माण कर लोगों को रोजगार दिलाना है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (घ) में वर्णित वस्त्रों का निर्माण कर खादी ग्रामोद्योग को जीवंत बनाना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## सोलर लगाने पर विचार

***136 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)ः**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि 2019 में केन्द्र सरकार की योजना के तहत 5 मेगावाट रूफटॉप सोलर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा बिहार के उपभोक्ताओं की छत पर लगाने हेतु आवेदन लिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर के साथ बैटरी देने का प्रावधान नहीं था, जिसकी वजह से बिजली काटने और शटडाउन के दौरान सप्लाई चालू रहने पर मेंटनेंस के दौरान लाइन मैन को करंट लगने का खतरा था;

(ग) क्या यह सही है कि तीन हजार उपभोक्ता रुचि दिखाये, परन्तु खतरे के कारण 400 उपभोक्ता के ही छत पर रूफटॉप सोलर लगाया जा सका;

(घ) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष में 20 मेगावाट रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतालएगी कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रूफटॉप सोलर लगाने का विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बकाया राशि का भुगतान

***137 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि Vikrant Life Science Pvt. Ltd, Netaji Subash Place, Pitampura, Delhi Health Care की कम्पनी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कम्पनी के द्वारा बिहार सरकार को Fogging Machine जिसकी कीमत 14 लाख 85 हजार है की Supply की थी साथ ही इस कम्पनी का Repairing Bill भी 4 लाख 75 हजार 65 रुपया है, इन दोनों राशियों का भुगतान अब तक संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उपर्युकत कंपनी के पत्रांक- VIS/SPO/FM/2021-22/001/, दिनांक- 03.09.2021 द्वारा भुगतान हेतु Additional Director Cum SPO,

Vector Borne Disesses, Govt. of Bihar, Sultanpur, patna को पत्र प्रेषित किया गया, इसके बावजूद भी विभाग से भुगतान हेतु सिर्फ आवश्वासन ही मिलता रहा, अबतक भुगतान नहीं हो सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में अंकित कंपनी को उनके बकाये का भुगतान यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विचार कबतक

***138 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत स्वीकृत कार्य योजना का लक्ष्य 28,50.0000 रुपया निर्धारित था;

(ख) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध दिनांक-20.02.2022 तक उपलब्धि नगण्य है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्वीकृत/आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि हासिल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सिंचाई प्रभावित

***139 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के शिवहर प्रखंड के फत्तहपुर, दाउदछपरा, खैरवां दर्प हनुमान नगर, मथुरापुर, गांवों के किसानों ने तीन वर्ष पूर्व कृषि सिंचाई कार्य हेतु विद्युत कनेक्शन का आवेदन दिया, परन्तु अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने के कारण कृषि सिंचाई प्रभावित हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गांवों में फसल सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन दिलाने तथा तत्काल किसानों को घरेलू कनेक्शन से कृषि सिंचाई कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पर कार्रवाई

*140 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग में तकनीकी प्रशिक्षण के पदों पर अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति करने का नियमानुकूल प्रावधान नहीं है ;

(ख) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला स्वास्थ्य मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण के पदों पर अनुकम्पा के आधार पर गैर संवैधानिक नियुक्ति कर घोर अनियमितता की गई है जिसका पत्रांक सं.- 296, दिनांक- 08.10.2021 एवं पत्रांक सं.- 334, दिनांक- 09.10.2021 तथा पत्रांक – 406, दिनांक- 08.10.2021 के अन्तर्गत नियुक्ति की गई है;

(ग) क्या यह सही है राज्य स्वास्थ्य निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) बिहार, पटना के द्वारा नालन्दा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पर अनुकम्पा के आधार पर तकनीकी प्रशिक्षण के पदों पर गैर संवैधानिक नियुक्ति पर रोक एवं कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन दिया गया जो अभी तक प्राप्त नहीं कराया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नालन्दा जिला मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा अनुकम्पा या गैर संवैधानिक अवैध नियुक्ति से अर्जित सम्पत्ति की जांच कराने तथा दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने के प्रति विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## डॉक्टर का पदस्थापन

*141 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार सदर अस्पताल में कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलोजिस्ट, ऑर्थो सर्जन, न्यूरो सर्जन आदि का पदस्थापन नहीं होने के कारण आम जनता विशेषकर कमजोर वर्गों का इलाज वहां नहीं हो पाता है एवं कटिहार मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में कटिहार सदर अस्पताल में ऊपर वर्णित डॉक्टरों का पदस्थापन करने का

विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवश्यक कार्रवाई

*142 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र में 'हर घर नल-जल योजना' के अन्तर्गत बिछाये गये पाइप से अबतक किसी भी घर में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार की अधिकांश योजनाएं दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र में सिर्फ कागज पर हैं और कोई भी जनहित से संबंधित योजनाओं को कार्यान्वित नहीं कराया गया है;

(ग) क्या यही सही है कि दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र में 'हर घर नल-जल योजना' पूर्णतः असफल है और संबंधित संवेदक और नगर कार्यपालक पदाधिकारी की इसमें संलिप्तता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर इसमें संलिप्त संबंधित संवेदक एवं नगर प्रशासन के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कार्य पूरा करने पर विचार

*143 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में चल रहे सभी सरकारी एवं निजी एंबुलेंस को एक ही आपातकालीन नम्बर पर जोड़ा जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी एम्बुलेंस का राज्य स्तर पर डेटाबेस हर जिले में स्वास्थ्य विभाग के पास रहेगा;

(ग) क्या यह सही है कि सभी निजी एम्बुलेंस में प्रशिक्षित पारा मेडिकल स्टाफ रहना अनिवार्य है;

(घ) क्या यह सही है कि निजी एम्बुलेंस का किराया भी तय किया जाना है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि उक्त खण्डों का कार्य पूरा करने पर विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विचार कबतक

*144 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सरकार के विभिन्न विभाग स्वास्थ्य, पथ निर्माण, लघु जल संसाधन, जल संसाधन, श्रम संसाधन, ग्रामीण विकास, विज्ञान एवं प्रावैधिकी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिक्षा एवं नगर विकास विभाग पर 506 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपरोक्त वर्णित सरकारी विभागों से अबतक बकाये बिजली का 506 करोड़ रुपये की राशि वसूली करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## समिति गठित

*145 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा)ः**

क्या **संसदीय कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि विधानमंडल के प्रश्नों, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, निवेदनों एवं आश्वासनों के त्वरित कार्यान्वयन हेतु विभागीय परामर्श समितियों के गठन का प्रावधान है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अभी तक किसी विभाग में परामर्श समिति का गठन नहीं हुआ है, यदि हां तो समिति गठित नहीं होने का क्या औचित्य है और सरकार कबतक इस तरह की समिति गठित करना चाहती है?

----